कार्यालय निदेशक, माध्यमिक शिक्षा राजस्थान, बीकानेर

::कार्यालय आदेश::

इस कार्यालय के आदेश क्रमांक शिविरा/माध्य/संस्था/बी–2/45002/प्रधानाचार्य/स्थानान्तरण/वो–2/2021 दिनांक 29.09.2021 द्वारा ईश्वरराम प्रधानाचार्य, राउमावि सारणों का तला, सिणधरी जिला बाडमेर का स्थानान्तरण राउमावि पनावडा, बायतू जिला बाडमेर किया गया था जिसके विरूद्ध ईश्वरराम द्वारा माननीय राजस्थान उच्च न्यायालय, जोधपुर में एस.बी.सिविल याचिका संख्या 15116/2021 ईश्वरराम बनाम राजस्थान राज्य व अन्य दायर की गई।

याचिका में माननीय न्यायालय द्वारा पारित आदेश दिनांक 26.10.2021 द्वारा याचिकार्थी को प्रत्यर्थी विभाग के सक्षम अधिकारी के समक्ष रिक्त पद प्रदर्शित करते हुए एक अभ्यावेदन प्रस्तुत करने एवं सक्षम अधिकारी द्वारा उक्त आशय का अभ्यावेदन प्राप्त होने पर उसे सरकार एव विभाग के दिशा–निर्देशों के अनुसार एक सकारण आख्यात्मक आदेश (REASONED SPEAKING ORDER) प्रसारित करते हुए निस्तारित करने सम्बन्धी आदेश प्रदान किये गए।

माननीय न्यायालय के निर्णय के अनुसरण मे याचिकार्थी द्वारा प्रस्तुत अभ्यावेदन में अपनी विकट पारिवारिक परिस्थितियों को मददेनजर रखते हुए अपना पदस्थापन स्थान संशोधित कर राउमावि वाडेल नाडी, सिणधरी जिला बाडमेर/राउमावि भाटाला, सिणधरी जिला बाडमेर/राबाउमावि अरणियाली, सिणधरी जिला बाडमेर/राउमावि पायला खुर्द, सिणधरी जिला बाडमेर अथवा शहीद विशनसिह राउमावि भूंका भगत सिंह, सिणधरी जिला बाडमेर में से प्रधानाचार्य के किसी रिक्त पद पर किये जाने की माग की गई।

याचिकार्थी के अभ्यावेदन का परीक्षण किया गया एवं उनसे सम्बन्धित अभिलेखों का अवलोकन किया गया। याचिकार्थी की प्रतिकूल पारिवारिक परिस्थितियो को दृष्टिगत रखते हुए याचिकार्थी श्री ईश्वरराम का समायोजन शहीद विशनसिंह राउमावि भूंका भगत सिंह (220772) सिणधरी जिला बाडमेर में प्रधानाचार्य के रिक्त पद पर किया जाकर अभ्यावेदन का निस्तारण किया जाता है। सम्बन्धित सूचित हों।

23.11.21
(काना राम)
आई ए एस
निदेशक माध्यमिक शिक्षा
राजस्थान, बीकानेर

क्रमांकः शिविरा–मा./संस्था/बी–2/याचिका/ईश्वरराम/15116/2021/300 दिनांकः 23.11.21

प्रतिलिपि निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतुः–

1. विशिष्ट सहायक, माननीय शिक्षा राज्य मंत्री (स्वतन्त्र प्रभार) प्राथमिक एव माध्यमिक शिक्षा, राजस्थान सरकार, जयपुर।
2. निजी सचिव, अतिरिक्त मुख्य सचिव, स्कूल शिक्षा एव भाषा विभाग, राजस्थान सरकार, जयपुर।
3. संयुक्त निदेशक, स्कूल शिक्षा, जोधपुर संभाग, जोधपुर।
4. मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी, बाड़मेर।
5. जिला शिक्षा अधिकारी, (मुख्यालय) माध्यमिक बाडमेर।
6. सम्बन्धित मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी।
7. जिला शिक्षा अधिकारी (विधि) माध्यमिक, जोधपुर।
8. सहायक निदेशक, विधि अनुभाग कार्यालय हाजा।
9. सिस्टम एनालिस्ट कम्प्यूटर अनुभाग को विभागीय वैबसाइट पर अपलोड हेतु।
10. श्री ईश्वरराम, प्रधानाचार्य को आदेश की पालनार्थ।
11. निजी/रक्षित पत्रावली।

संयुक्त निदेशक (कार्मिक)

Rajasthan Education Department
सत्यमेव जयते
Scanned with CamScanner